# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जेपी नड्डा पहुंचे दून, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## जेपी नड्डा प्रदेश पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

**स्वागत**

**संवाददाता**





देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा आज सुबह साढ़े आठ बजे देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी थे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री धन सिंह रावत विधायक खजान दास, दर्जा धारी नरेश बंसल, विनय गोयल, बलजीत सिंह सोनी आदि ने उनका स्वागत किया।

जेपी नड्डा जौलीग्रांट एयरपोर्ट के अंदर बने गेस्ट हाउस में रुके हैं। जलपान के बाद लगभग वह देहरादून के लिए रवाना हुए। वहीं, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार उत्तराखंड आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं में भारी उत्साह और जोश है। जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने नड्डा का स्वागत किया। डोईवाला चौक, हर्रावाला चौक व रिस्पना पुल पर भी उनका जोरदार स्वागत किया गया।

वह शुक्रवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे पार्टी मुख्यालय पहुंचे। यहां नड्डा का ढोल दमाऊ और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद वह प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर ढाई बजे वह दूसरी बैठक सांसदों व विधायकों के साथ करेंगे। माना जा रहा है कि इन दोनों बैठकों में वह राज्य सरकार के ढाई साल के कार्यकाल को भी कसौटी पर परखेंगे।

इसके अलावा पार्टी के सांगठनिक चुनाव, 2022 में होने वाले राज्य विधानसभा के चुनाव की तैयारियों के संबंध में मंथन करेंगे। साथ ही प्रबुद्धजनों से फीडबैक भी ले सकते हैं। शाम को एक वेडिंग प्वाइंट में बूथ अध्यक्षों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद नड्डा कोर कमेटी की बैठक में भाग लेंगे। वह रात्रि विश्राम देहरादून में ही करेंगे और अगले दिन नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

# पर्यटकों के लिए खुले राजा जी रिजर्व पार्क के दरवाजे



रानीपुर गेट खोलने से पूर्व पूजा करते हुए शिवालिक नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा।

हरिद्वार। गजराजों और टाइगरों के संरक्षण व् संवर्धन के लिए मशहूर राजा जी टाइगर रिजर्व पार्क आज से पर्यटकों के लिए खोल दिए गए। राजा जी टाइगर रिजर्व पार्क के चारो दरवाजे (चीला, रानीपुर ,मोतीचूर सहित मोहन्ड) आज (15 नवम्बर) से पर्यटकों के लिए विधिवत पूजा पाठ करके खोल दिए गए।

एक तरफ चीला रेंज में जहां उप निदेशक दीपक कुमार ने विधिवत पूजा पाठ कर पार्क के गेट खोले वही हरिद्वार रेंज के रानीपुर गेट पर शिवालिक नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने और चीलावाली रेंज के मोहन्ड गेट पर राजा जी पार्क के वार्डन कोमल सिंह ने विधिवत पूजा पाठ कर गेट सैलानियों के लिए खोले। इसके साथ ही कार्वेट पार्क की तर्ज पर जल्द ही टाइगर रिजर्व पार्क की बुकिंग भीआन लाइन करने की व्यवस्था की जा रही है।

# उत्तराखंड में चार धामों की चोटियों पर हिमपात, पांच जिलों में होगी बारिश

**(संवाददाता)**
देहरादून। उत्तराखंड में ऊंचाई वाले इलाकों में रुक–रुक कर बर्फबारी का दौर जारी है। इससे मैदानी क्षेत्रों में सर्दी बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, पांच जिलों में बारिश के साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी। शुक्रवार की सुबह गढ़वाल और कुमाऊं के पर्वतीय जनपदों के साथ ही मैदानी इलाकों में बादल छाए रहे। इससे बारिश की संभावना बन रही है। पिछले दो दिन से बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का दौर चल रहा है। यह दौर अभी जारी रहने की संभावना है।

देहरादून स्थित राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पहाड़ों में बारिश के साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के और आसार

## निचले इलाकों में बारिश से ठंड बढ़ गई

बन रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्र में कुछ जगह बूंदाबांदी से सर्दी भी बढ़ गई है। कुमाऊं में भी उच्च हिमालयी पिंडर घाटी क्षेत्रों के खाती, बाछम, गोगिना आदि क्षेत्रों तथा पिथौरागढ़ जिले के राजरंभा, पंचाचूली एवं हंसलिंग आदि चोटियों में बर्फबारी हुई।

वहीं, निचले इलाकों में बारिश से ठंड बढ़ गई है। शुक्रवार को निचले इलाकों में बादल छाए हैं। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बारिश होगी। साथ ही 3500 मीटर तक की ऊंचाई पर बर्फबारी का दौर जारी रहेगा।

# न्यूज डायरी

## महाकुम्भ की तैयारियों के तहत अण्डरग्राउण्ड केबिल कार्य के प्रगति की गई समीक्षा

**(संवाददाता)** हरिद्वार। मेलाधिकारी ने महाकुम्भ की तैयारी को लेकर हरिद्वार शहर में चल रहे अण्डरग्राउण्ड केबिल कार्य के प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें केन्द्र एवं राज्य स्तर के ऊर्जा सचिव ने प्रतिभाग किया। महाकुम्भ की तैयारी को लेकर हरिद्वार शहर के सौन्दर्यीकरण एवं जन सुविधा की दृष्टि से अण्डरग्राउण्ड केबिल कार्य की परियोजना संचालित की जा रही है। इस से संबंधित समीक्षा बैठक में कार्य को समयबद्ध ढ़ंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कहा गया कि अण्डरग्राउण्ड केबिल कार्य शहर की सुन्दरता के लिए की जा रही है। मेलाधिकारी दीपक रावत ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि सप्ताह में 2 बार इस योजना की समीक्षा हरिद्वार, सीसीआर में की जाय। अण्डर ग्राउण्ड केबिल कार्य का भौतिक सत्यापन हेतु निरीक्षण भी किया गया।

## विज्ञान महोत्सव में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय अव्वल

**(संवाददाता)** गैरसैंण। गैरसैंण में आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव में नौनिहालों ने सीनियर व जूनियर वर्ग में आयोजित विभिन्न विषयों पर शानदार प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता में 37 विद्यालयों के 150 से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर खंड शिक्षाधिकारी मनवर सिंह नेगी ने कहा कि जिन प्रतिभागियों का जनपद स्तर पर चयन हुआ है उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। जिनका चयन नहीं हो सका है उन्हें फिर से तैयारियों में जुट जाना होगा। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के लिए शैक्षिक खेल व गणितीय प्रतिरूपण में राउमावि मेहरगांव के सौरभ सिंह व जूनियर में राउकावि विजयसैंण के अवनीश सिंह प्रथम रहे।

## पर्यटकों के नाइट स्टे के लिए खुला जिम कॉर्बेट पार्क

**(संवाददाता)** रामनगर। पांच महीने के इंतजार के बाद कॉर्बेट पार्क का मुख्य ढिकाला पर्यटन जोन पर्यटकों से गुलजार हो गया। इसी के साथ रात्रि विश्राम की सुविधा भी पर्यटकों के लिए शुरू हो गई है। पहले दिन 31 जिप्सीं व चार कैंटरों से ढाई सौ पर्यटक ढिकाला गए, जिसमें से 131 पर्यटक रात्रि विश्राम के लिए गए। इसमें चार विदेशी भी थे। इसके अलावा कैंटरों से सुबह व शाम डे विजिट के लिए 119 पर्यटक गए।
पंद्रह जून से मानसून के चलते पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए कॉर्बेट पार्क का ढिकाला जोन हर साल चौदह नवंबर तक बंद कर दिया जाता है। ढिकाला बंद होने के साथ ही कॉर्बेट के सभी पर्यटन जोन में रात्रि विश्राम की सुविधा भी बंद हो जाती है।

# भाजपा नेता के घर शरारती तत्वों ने बमनुमा पटाके फेंके मचा हड़कम्प

**(संवाददाता)** हरिद्वार। भाजपा नेता व दारोगा पुत्र नितिन शर्मा के भेल सेक्टर वन स्थित आवास पर कार में सवार होकर आए शरारती तत्वों द्वारा बृहस्पतिवार की देर रात्रि बमनुमा पटाखे फेंके जाने की घटना से हड़कंप मच गया। बम से हुए धमाकों से आवास में सजाए गए गमले फूट गए। बम से निकली चिंगारी से आवास के बाहर खड़ी कार और बाईक की सीट जल गयी। पटाखों के धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए।
नितिन शर्मा ने तत्काल घटना की सूचना रानीपुर कोतवाली पुलिस की दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर नितिन शर्मा व परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मौके से मिले पटाखों के खोल कब्जे में ले लिए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नितिन शर्मा भाजपा से जुड़े हुए हैं। जबकि उनके पिता उत्तराखण्ड पुलिस में एसआई के पद पर तैनात हैं।

# कुंभ क्षेत्र को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करे केंद्र

**संवाददाता**

हरिद्वार। मातृसदन आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी शिवानंद सरस्वती ने मांग की है कि केंद्र सरकार कुंभ क्षेत्र को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करे। उन्होंने कहा है कि इसके बाद ही गंगा और कुंभ क्षेत्र को खनन माफिया से बचाया जा सकता है।

मातृसदन आश्रम में शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में स्वामी शिवानंद सरस्वती ने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से स्पष्ट आदेश हैं कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में किसी तरह का खनन नहीं किया जाएगा। लेकिन हरिद्वार से सटे लालढांग क्षेत्र में गंगा की सहायक नदियों में वन विकास निगम की ओर से खनन का काम शुरू करा दिया गया है। इससे साफ है कि गंगा और कुंभ क्षेत्र की

## गंगा और कुंभ क्षेत्र की प्रदेश सरकार को जरा भी चिंता नहीं है: स्वामी शिवानंद सरस्वती

प्रदेश सरकार को जरा भी चिंता नहीं है। स्वामी शिवानंद सरस्वती का कहना है कि वह इस बारे में जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजेंगे। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी है कि अगर सरकार ने गंगा और सहायक नदियों में खनन पर रोक नहीं लगाई तो मातृसदन की ओर से अनशन शुरू कर दिया जाएगा।

**खनन खोलने पर खड़े किए थे सवालः** इससे पहले भी मातृसदन परमाध्यक्ष स्वामी शिवानंद अधिकारियों पर सवाल खड़े कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने गंगा की सहायक नदियों में खनन खोलने के लिए अपर मुख्य सचिव की ओर से जिलाधिकारी को भेजे पत्र पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, आखिरकार किस आधार पर यह निर्देश दिए गए, जबकि उल्टे उनकी ओर से रायवाला से भोगपुर तक लगाए अवैध स्टोन क्रशर हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद भी आज तक नहीं हटाए हैं।

मातृसदन के ब्रह्मचारी संत दयानंद ने अपर मुख्य सचिव ओमप्रकाश को भेजे पत्र में कहा, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से गंगा और उसकी सहायक नदियों में पांच किलोमीटर तक के दायरे में किसी भी प्रकार के खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है। इसके अलावा कोर्ट की ओर से रायवाला से भोगपुर तक गंगा और सहायक नदियों के पांच किलोमीटर के दायरे में खड़े स्टोन क्रशरों को हटाने के आदेश दिए हैं, लेकिन आज तक उन्हें नहीं हटाया है।